J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING:03.10.2021

HINDUSTAN

विश्वविद्यालय ने इसके लिए इंडियन ऑयल कंपनी के साथ किया समझौता, पांच साल में करीब 2.50 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति देगी इंडियन ऑयल

जेसी बोस विश्वविद्यालय में शोध विषयों के लिए छात्रवृत्ति मिलेगी

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

जेसी बोस विश्वविद्यालय में अनुसंधान विषयों के लिए छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसके लिए छात्रों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों के तहत आवश्यक परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। इसके मद्देनजर जेसी बोस विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने इंडियन ऑयल अनुसंधान एवं विकास कंपनी के साथ शनिवार को एक समझौता किया।

समझौते के तहत कंपनी अगले पांच वर्ष में करीब 2.50 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति देगी। साथ ही इस विश्वविद्यालय के रसायनिक इंजीनियरिंग के छात्रों की अन्य मदद भी करेगी। इस समझौते पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील गर्ग और इंडियन ऑयल (आरएंडडी) के कार्यकारी निदेशक (रासायनिक प्रौद्योगिकी) डॉ. जीएस कपूर ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और इंडियन ऑयल के निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) डॉ एसएसवी रामकुमार की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

इस सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान को प्रोत्साहन देने सदैव अग्रणी रहा है।

विश्वविद्यालय में अनुसंधान को सुविधाजनक और उपयोगी बनाने के लिए शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह सहयोग निश्चित रूप से युवा शोधकर्ताओं को बढ़ावा के विश्वविद्यालय के प्रयासों को मजबूती देगा। इस मौके पर इंडियन ऑयल आरएंडडी के सदस्य डॉ दीपक सक्सेना, अमीत गोहेन, देबासिस भट्टाचार्य, डॉ. मधुसूदन आदि अधिकारी मौजूद रहे।

जेसी बोस यूनिवर्सिटी ओर इंडियन ऑयल कंपनी के बीच हुआ समझौता। ● हिन्दुस्तान

इन पाद्यक्रमों में मिले सकेगी छात्रवृत्ति : सिंथेटिक और विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान सहित रसायन विज्ञान के अनुसंधान, पॉलिमर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रसायनिक इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, जैव प्रौद्योगिकी, वैकल्पिक ऊर्जा आदि क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देने में इंडियन ऑयल कंपनी सहयोग करेगी। अभी यह प्रारंभिक सूची हैं, इसे पारस्परिक रूप से सहमति के आधार पर विस्तृत किया जा सकेगा।

इंडियन ऑयल में सीखने का मौका : इंडियन ऑयल के निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) डॉ एसएसवी रामकुमार ने भरोसा दिया कि विश्वविद्यालय के रसायनिक इंजीनियरिंग अनुसंधान के छात्रों को इंडियन ऑयल से मदद मिलेगी। यह समझौता देश में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को पोषित करने की इंडियन ऑयल (आर एंड डी) की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

NEWS CLIPPING:03.10.2021

AMAR UJALA

फेलोशिप में मदद करेगा इंडियन ऑयल

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए ने इंडियन ऑयल (आरएंडडी) के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किए हैं। इंडियन ऑयल के सहयोग से विवि शोधकर्ताओं को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए रिसर्च फेलोशिप स्कीम शुरू करेगा।

समझौता ज्ञापन के तहत इंडियन ऑयल ने 2.5 करोड़ रुपये के बजटीय प्रावधान किया है। इंडियन ऑयल-सीएसआईआर-जेसी बोस यूनिवर्सिटी रिसर्च फेलोशिप स्कीम में पीएचडी स्कॉलर्स को पांच साल की अवधि के लिए फेलोशिप प्रदान करेगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान को प्रोत्साहन देने के की दिशा में काम कर रहा है। यह सहयोग निश्चित रूप से युवा शोधकर्ताओं को बढ़ावा मिलेगा। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि दोनों संगठनों के बीच साझेदारी वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान को बढ़ावा देगी। डॉ. रामकुमार ने कहा कि यह समझौता देश में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को पोषित करने की इंडियन ऑयल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे पहले समझौते पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और इंडियन ऑयल (आरएंडडी) के कार्यकारी निदेशक डॉ. जीएस कपूर ने हस्ताक्षर किए।

जेसी बोस व इंडियन ऑयल के बीच हुआ समझौता

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING:03.10.2021

NAVBHARAT TIMES

रिसर्च फेलोशिप स्कीम शुरू होगी

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद: जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, ने इंडियन ऑयल के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किए हैं। इंडियन ऑयल (आरएंडडी) के सहयोग से विश्वविद्यालय युवा शोधकर्ताओं को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए रिसर्च फेलोशिप स्कीम शुरू करेगा। समझौता ज्ञापन के अंतर्गत इंडियन ऑयल (आरएंडडी) ने 2.5 करोड़ रुपये के बजटीय प्रावधान किया है। इस अवसर पर डॉ. दीपक सक्सेना, अमीत गोहेन, देबासिस भट्टाचार्य, डॉ. मधुसूदन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।